01.11.2023

आभार व्यक्त किया। भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल,

# खेलकूद प्रतियोगिता में हुए फाइनल मुकाबले


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मंडावा. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज रामनारायण चौधरी राजकीय कृषि महाविधालय मंडावा में हो रही खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन दौड़, शॉटपुट,लम्बीकूद और टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबले हुए। अधिष्ठाता डॉ. सागरमल कुमावत ने बताया कि महाविधालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत मंगलवार को 100 ,400 और 800 मीटर की दौड़ के अंतिम मुक़ाबले हुए। 100 मीटर की दौड़ में लड़कों में प्रथम स्थान पर आशीष कुमार , दूसरे स्थान पर कृष्ण यादव, तृतीय स्थान पर संजय बराला रहे । वहीं लड़कियों में क्रमशः कोमल कुमारी प्रथम,पूनम दूसरे स्थान पर रही। 400 मीटर में रवि बालान प्रथम, आशीष दूसरे,कृष्ण यादव तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में विरेन्द्र सिंह प्रथम, गजानंद दूसरे और राहुल मीणा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार लॉन्ग जम्प में कोमल कुमारी प्रथम, पूनम दूसरे स्थान पर रही। शॉटपुट की प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबलों में कोमल कुमारी प्रथम, पूनम दूसरे,कोमल सैनी तृतीय स्थान पर रही। वहीं लड़कों में शुभम विश्नोई प्रथम, दीपक दूसरे और भरत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लम्बीकूद में कृष्ण सैनी प्रथम,आशीष दूसरे ,महावीर तृतीय स्थान पर रहे। टेबिल टेनिस के लड़कों के फाइनल मुकाबलों में अमन शर्मा प्रथम और दशरथ दूसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में पूजा कुमारी प्रथम और स्नेहा दूसरे स्थान के लिए विजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर प्रो. राजेन्द्र किरोड़िया, डॉ राजेन्द्र सिंह राठौड़, नीलम कुमावत, शिवानी अग्रवाल खेल अधिकारी डॉ.आर.एस. राठौड़, खेल प्रभारी नीलम कुमारी आदि मौजूद थे।



मंडावा राजकीय कृषि महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में खेलती छात्राएं ।

# कृषि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**श्रीगंगानगर.** कृषि महाविद्यालय में इंटर क्लास खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. विजय प्रकाश ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोर्ट एंड गेम्स इंचार्ज डॉ.कोमल कथूरिया ने बताया कि इंटर क्लास गेम्स एवं स्पोर्ट का आयोजन पांच दिन तक चलेगा। विजेताओं को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ.सीमा चावला ने विद्यार्थियों को खेल भावना व अनुशासन से खेलने के लिए प्रेरित किया। डीन डॉ.विजय प्रकाश ने विद्यार्थियों को बताया कि खेल से मानसिक व शारीरिक चेतना जाग्रति होती है।

## दीपावली पर दो दिन बंद रहेगी इंदिरा रसोई

**श्रीगंगानगर.** स्वायत शासन विभाग ने पूरे प्रदेश में दीपावली पर्व पर दो दिन इंदिरा रसोई बंद रखने के आदेश दिए हैं। डीएलबी के निदेशक के आदेशानुसार 12 और 13 नवंबर को इंदिरा रसोई बंद रखी जाएगी।

vivo V17
48MP AI Quad Camera
2023.11.01 07:19


Patrika 07.11.2023

# एसकेआरएयू में हुआ कुलपति-अभिभावक संवाद

**बीकानेर @ पत्रिका.** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कुलपति- अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातक कृषि ऑनर्स छात्रावास की छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। कुलपति ने छात्रावास में की गई सुविधाओं में प्रगति का उल्लेख करते हुए अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए सभी प्रकार की गतिविधियां विश्वविद्यालय में संचालित की जाती रहेंगी। डॉ. वीर सिंह ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत तथा हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की विशेष सुविधाओं पर प्रकाश डाला।

Rastradoot 07.11.2023

# छात्रावास सुविधाओं की जानकारी दी



एस. के. आर. ए. यू. में कुलपति प्रो.अरूण कुमार ( सामने बीचों बीच ) ने अभिभावकों से संवाद किया।

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में कुलपति डॉ. अरूण कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कुलपति-अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक कृषि ऑनर्स छात्रावास की छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में निदेशक छात्र कल्याण, डॉ. वीर सिंह, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय बीकानेर, डॉ. आई.पी. सिंह, चीफ वार्डन बॉयज हॉस्टल, डॉ. दाताराम तथा हॉस्टल वार्डन डॉ. सीमा त्यागी ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुलपति ने छात्रावास में की गई सुविधाओं में प्रगति का उल्लेख करते हुए अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा में सर्वोच्च प्रदर्शन हेतु सभी प्रकार की गतिविधियां विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाती रहेंगी। डॉ. वीर सिंह ने विश्वविद्यालय में अध्यनरत तथा हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की विशेष सुविधाओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी शिक्षक समन्वयन तथा सहयोग पर बल दिया ताकि विश्वविद्यालय के होनहार विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत रूप से प्रयत्नशील रहें। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय बीकानेर ने विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं को रखने तथा बातचीत में सामंजस्य तथा समाधानात्मक रूख अपनाने शिक्षकों तथा अभिभावकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किये। डॉ. सीमा त्यागी ने अभिभावकों तथा वार्डन के मध्य संवाद की आवश्यकता बताई। विद्यार्थियों की हॉस्टल में रहते हुए जिम्मेदारियों तथा अन्य गतिविधियों में भागीदारी पर प्रकश डाला। अभिभावकों ने इस तरह के संवाद की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके द्वारा जो भी सहयोग विद्यार्थियों की प्रगति में अपेक्षित होगा। उसके लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे।

30.11.2023

## डॉ. राजपुरोहित बने सदस्य

**बीकानेर @ पत्रिका.** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि मंत्रालय ने डॉ. चेतन प्रकाश राजपुरोहित को केंद्र सरकार के शुष्क बागवानी संस्थान के मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य बनाया है। डॉ. राजपुरोहित 3 साल के लिए इस संस्थान के नॉन ऑफिसर सदस्य बने हैं।

## कार्यक्रम आज

**बीकानेर @ पत्रिका.** रिद्धिसार फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शोभा सुथार ने बताया कि संस्थान की ओर से 30 नवंबर को विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर जिला कलक्टर को रेड रोबिन लगाकर जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी और जागरूकता का संदेश देने के लिए रंगोली बनाई जाएगी।

# कृषि मासिक तकनीकी कार्यशाला आयोजित



**बीकानेर @ पत्रिका.** कृषि अनुसंधान केन्द्र की ओर से स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में मासिक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत व क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. एस आर यादव की अध्यक्षता में किया गया। मासिक तकनीकी कार्यशाला में खण्ड बीकानेर के कृषि, उधानिकी, आत्मा के वरिष्ठ अधिकारी व विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया। मासिक तकनीकी कार्यशाला में माह दिसम्बर में कृषकों की ओर से की जाने वाली कृषि व उधानिकी तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि वैज्ञानिक प्रो. हनुमान देसवाल, प्रो. राजेन्द्र सिंह राठौड़ सिंह ,विभागीय अधिकारी उपनिदेशक हरलाल सिंह बिजारणियां, अजीत सिंह, राधेश्याम [illegible], यशवन्ती, सहायक निदेशक कृषि अमर सिंह गिल, राजूराम डोगीवाल, कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत, ममता, मीनाक्षी, ओमप्रकाश, महेन्द्र प्रताप सहित अन्य उपस्थित रहे।